# शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु तिथिवार एकेडमिक कैलेण्डर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सत्र आरम्भ करने की तिथि | 01 अप्रैल, 2024 |
| 2. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय (MCQs) प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | मई, 2024 तृतीय सप्ताह |
| 3. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | जुलाई, 2024 अन्तिम सप्ताह |
| 4. | अर्द्धवार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | सितम्बर, 2024 अन्तिम सप्ताह |
| 5. | अर्द्धवार्षिक लिखित परीक्षा का आयोजन (सितम्बर माह तक निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर) | अक्टूबर, 2024 के द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह |
| 6. | अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | नवम्बर, 2024 प्रथम सप्ताह तक |
| 7. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय (MCQs) प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | नवम्बर, 2024 अन्तिम सप्ताह |
| 8. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | दिसम्बर, 2024 अन्तिम सप्ताह |
| 9. | सभी कक्षाओं में पाठ्यक्रम पूर्ण करने की तिथि | जनवरी, 2025 प्रथम सप्ताह तक |
| 10. | कक्षा–12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन। | जनवरी, 2025 द्वितीय सप्ताह में |
| 11. | कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड की लिखित परीक्षाओं आयोजन | जनवरी, 2025 तृतीय सप्ताह में |
| 12. | कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन | जनवरी, 2025 अंतिम सप्ताह में |
| 13. | उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तथा कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | फरवरी, 2025 तृतीय सप्ताह तक |
| 14. | बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | 21 जनवरी से 05 फरवरी 2025 तक |
| 15. | बोर्ड परीक्षा का आयोजन | फरवरी, 2025 |

## सामान्य निर्देश :–

1. जनसामान्य को जानकारी प्रदान करने के लिए उक्त एकेडमिक कैलेण्डर को जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाये।
2. विद्यालय में शिक्षण के दौरान प्रथम वादन से पूर्व, आरम्भ के 15 मिनट प्रातःकालीन प्रार्थना सभा हेतु निर्धारित होंगे जिसमें प्रार्थना होगी तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा 'आज का सुविचार' प्रस्तुत किया जायेगा। **आज के सुविचार की एक पंजिका बनाई जायेगी। माह के अन्त में सर्वश्रेष्ठ सुविचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया जायेगा।** विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक दिन किसी नैतिक/प्रासंगिक विषय जैसे–जीवन में मूल्यों का महत्व एवं मूल्यपरक् शिक्षा, विभिन्न मानव मूल्य यथा–चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा, कर्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठा आदि, महापुरुषों का जीवन चरित्र, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वास्थ्य–स्वच्छता तथा यातायात व सड़क सुरक्षा, इण्टरनेट का सुरक्षित उपयोग आदि पर विचार प्रस्तुत किये जायेंगे।

3. **'नए सत्र में नया सवेरा'** कार्यक्रम का आयोजन। इसके अन्तर्गत प्रत्येक सप्ताह में दो दिन शिक्षाधिकारी विद्यालयों की प्रातःकालीन सभाओं में विद्यार्थियों से जीवन मूल्यों, अनुशासन, कैरियर, नियमित दिनचर्या आदि प्रासंगिक विषयों पर प्रेरक संवाद करेंगे। कार्यक्रम में यथा सम्भव विद्यालयों के पुरा छात्रों एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाय।

4. **<u>कक्षा 9 से 12 तक के प्रत्येक विद्यार्थी का कैरियर गाइडेन्स पोर्टल 'पंख' पर पंजीकरण कराया जाय।</u>**

5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के विषय में विद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन किया जाय तथा प्रत्येक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में स्कूल प्लान विकसित किया जाय जिसमें विद्यालय स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों को सम्मिलित किया जाय।

6. विद्यालय स्तर पर कक्षा शिक्षण एवं अन्य गतिविधियों की समय–सारणी तैयार कर ली जाय। **शनिवार को आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की समय सारणी संलग्न है**। तद्नुसार शिक्षण एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाय।

7. 'हैण्ड्स ऑन एक्टीविटीज' एवं एक्सपीरिएन्शियल (Experiential) लर्निंग विधा को गणित एवं विज्ञान विषय में लागू किये जाने हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

8. शैक्षणिक गतिविधियों में जीवन कौशल शिक्षा के समावेश हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

9. विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के समुचित उपयोग हेतु प्रत्येक सप्ताह में एक वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

10. पाठ्य पुस्तकें दीक्षा पोर्टल पर ई–बुक्स के रूप में, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की वेबसाइट पर लिंक के रूप में उपलब्ध हैं जहां से पुस्तकों को विद्यार्थियों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण सामग्री दीक्षा पोर्टल एवं यूट्यूब पर लिंक के माध्यम से वेबसाइट पर उपलब्ध है।

11. शिक्षक शिक्षण के साथ ही विभिन्न प्रयोगात्मक कार्य एवं प्रोजेक्ट कार्य को सम्पन्न करायेंगे तथा दीक्षा पोर्टल/यूट्यूब/वाट्सएप एवं अन्य पोर्टलों पर अध्ययन सामग्रियों के लिंक के माध्यम से पाठ्यवस्तु छात्रों हेतु उपलब्ध करायेंगे।

12. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा पाठ्यक्रम को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त पाठ्यक्रम के अनुसार ही विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराया जाय।

13. सभी कक्षाओं के लिए निर्धारित मासिक पाठ्यक्रम उसी माह पूर्ण किया जाय।

14. समर कैम्प–समर क्लासेस का आयोजन–छात्र–छात्राओं की विविध रूचियों व अन्तर्निहित क्षमताओं का प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय बन्द होने के बाद यथा सम्भवसमर कैम्प–समर क्लासेस चलायी जायं जिसमें विद्यार्थियों को स्थानीय कला एवं संस्कृति से सम्बन्धित तथा अन्य प्रकार के भी गीत, नृत्य, सिलाई, कढ़ाई, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण, स्थानीय/पारम्परिक खेल, हस्तशिल्प, सृजनात्मक लेखन, चित्रकला, रंगोली, खेल, नाटक आदि क्रियाकलाप विद्यालय के शिक्षकों या उपलब्ध स्थानीय प्रशिक्षक के माध्यम से सिखाया जाय।

15. **'विश्व योग दिवस' 21 जून** के अवसर पर विद्यालयों में व्यायाम, योग पर आधारित प्रतियोगिता अवश्य आयोजित की जाय।

16. विद्यालयों में सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी उपलब्ध करायी जाय जिसमें शिक्षकों द्वारा किये जाने वाले शैक्षिक व अन्य कार्यों के साथ–साथ उनकी शिक्षण योजना का भी उल्लेख हो। प्रधानाचार्यों द्वारा शिक्षक डायरी का नियमित अवलोकन भी किया जाय।

17. परिषद द्वारा विगत् वर्ष में वेबसाइट बनाने के निर्देशानुक्रम में जिन विद्यालयों द्वारा अभी तक वेबसाइट विकसित नहीं की गयी है उनके द्वारा माह जुलाई एवं अगस्त, 2024 तक वेबसाइट बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाये। इसके साथ–साथ वेबसाइट पर विद्यालय की गतिविधियों को प्रदर्शित भी किया जाय।

18. डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ाने के लिये सभी विद्यालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी से उनकी ई–मेल आई0डी0 बनवायी जाए तथा उसके प्रयोग हेतु उन्हें प्रशिक्षित किया जाय। **नियमित पठन–पाठन में ई–मेल आई0डी0 के व्यावहारिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाय।**

19. वर्तमान सत्र में कक्षा–9 एवं 10 की परीक्षा विगत सत्र की भांति ही प्रश्नपत्र के वर्तमान प्रारूप के आधार पर होगी। जिसमें प्रथम भाग के प्रश्न बहुविकल्पीय और द्वितीय भाग के प्रश्न वर्णनात्मक होंगे। बहुविकल्पीय प्रश्न लिखित परीक्षा के पूर्णांक के 30 प्रतिशत अंकों के होंगे जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर देना होगा। वर्णनात्मक प्रश्न लिखित परीक्षा के पूर्णांक के 70 प्रतिशत अंकों के होंगे जिनका उत्तर पारम्परिक उत्तर पुस्तिका पर दिया जायेगा।

20. प्रत्येक विद्यालय में **'पर्यावरण क्लब'** का गठन करते हुए प्रत्येक कक्षा से कुछ छात्र–छात्राओं को पर्यावरण मित्र चुना जाय जो अपने संगी–साथियों के साथ मिलकर विद्यालय में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, जल,संचयन, स्वच्छता आदि कार्यों को नियमित रूप से करेंगे। इसके अन्तर्गत पर्यावरण जागरूकता हेतु गतिविधियों का आयोजन शनिवारीय गतिविधि सारणी के अनुरूप किया जाये–

21. **'विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस'** 21 अगस्त के अवसर पर परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान के प्रति कृतज्ञ होते हुए छात्र–छात्राओं में अपने परिवार व समाज के वरिष्ठजनों को आदर–सम्मान, स्नेह, सहयोग देने व उनकी सुरक्षा के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया जाय।

22. अर्द्धवार्षिक परीक्षा मासिक शैक्षिक पंचाग के अनुसार सितम्बर माह तक पढ़ाये गये पाठ्यक्रम से ली जायेगी।

23. खेल–कूद, एन0सी0सी0, स्काउटिंग एवं सांस्कृतिक/साहित्यिक गतिविधियों की रूपरेखा जुलाई माह में तैयार कर सदनवार टीमों का चयन किया जाए।

24. लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा इस सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने वाली लघु कथायें, प्रेरक प्रसंग, संक्षिप्त उद्बोधन, गीत आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाय।

25. खेलकूद प्रतियोगिताएं सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर सदनवार आयोजित की जायें। तत्पश्चात् जनपद स्तर पर, मण्डल स्तर पर तथा राज्य स्तर पर प्रतियोगितायें आयोजित करायी जायें एवं प्रत्येक स्तर पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाय।

26. महापुरुषों की जयन्ती दिवस पर उनके जीवन एवं योगदान के विषय में प्रार्थना सभा के उपरान्त 30 मिनट की चर्चा तथा निबन्ध, पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए।

27. शनिवार को छोड़कर शेष शिक्षण दिवसों में अंतिम वादन खेल–कूद एवं शारीरिक व्यायाम/योग हेतु निर्धारित किया जाए।

28. बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से संचालित **मिशन शक्ति अभियान** के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय में **"शक्ति मंच"** का गठन किया जाय। इससे सम्बन्धित गतिविधियों को आयोजन गतिविधि सारणी के अनुरूप किया जाय।

29. विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका स्वास्थ्य कार्ड तैयार कराया जाय।

30. छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य की स्थिति से अभिभावकों को अवगत कराया जाय इसके साथ ही पाल्यों के स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, कुपोषण के दुष्प्रभावों व पौष्टिक आहार के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जाय।

31. **बाल दिवस 14 नवम्बर** के अवसर पर विद्यालयों में बाल मेला आयोजित किया जाय। आवश्यकतानुसार/सुविधानुसार विद्यालय प्रबन्ध एवं विकास समिति (एस0एम0डी0सी0) के सदस्यों व अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाय तथा क्षेत्रीय खान–पान/वेशभूषा सम्बन्धी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाए।

32. <u>3 दिसम्बर को 'अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय।</u>

33. **22 दिसम्बर को महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस् के अवसर पर विद्यार्थियों हेतु 'मेंटल मैथ्स' से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी/तार्किक अभिरूचि/ Puzzle का आयोजन किया जाय** जिससे उनमें तार्किक चिन्तन एवं समस्या समाधान की प्रवृत्ति विकसित हो सके।

34. सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन गतिविधि सारणी के अनुरूप कराया जाना सुनिश्चित किया जाय एवं मुख्य अतिथि के रूप में **पुरातन छात्र/गणमान्य व्यक्तियों** को आमंत्रित किया जाए। वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में फिल्मी गीतों एवं डी0जे0 के स्थान पर लोक कला से सम्बन्धित गीतों एवं नाटकों का प्रस्तुतिकरण कराया जाए।

35. विद्यार्थियों की प्रगति एवं प्रयासों के सम्बंध में फीडबैक हेतु छात्र–डायरी उपलब्ध करायी जाए।

36. प्रत्येक विद्यालय की स्मारिका प्रकाशित की जाय और इसकी एक प्रति यू0पी0 बोर्ड को उपलब्ध करायी जाय तथा बच्चों को लेख लिखने हेतु प्रोत्साहित किया जाय। विद्यालय स्मारिका को विद्यालय की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जायं।

37. **'उत्तर प्रदेश दिवस' 24 जनवरी** के अवसर पर प्रत्येक विद्यालय में प्रदेश के सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय।

| | |
|---|---|
| जनपद स्तर पर – | प्रत्येक विद्यालय से 1 छात्र |
| मण्डल स्तर पर – | प्रत्येक विद्यालय से 5 छात्र |
| प्रदेश स्तर पर – | प्रत्येक विद्यालय से 2 छात्र |

⇒ प्रशासनिक स्तर/जिलाधिकारी द्वारा आयोजित उ0प्र0 के स्थानीय कला एवं संस्कृति से सम्बन्धित मेले में विद्यार्थियों को प्रतिभाग कराया जाए।

38. **ODOP (One District One Product- एक जनपद एक उत्पाद)** के उत्पादों का दैनिक जीवन में विद्यालयों द्वारा/छात्रों द्वारा यथासम्भव प्राथमिकता/वरीयता से उपयोग किया जाय तथा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले हस्त कला एवं शिल्प मेलों व अन्य ODOP पर आधारित प्रदर्शनी का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया जाय।
39. **इण्टरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स' के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को श्री अन्न (मोटे अनाज) के विषय में जागरूक करते हुए अपने दैनिक जीवन में प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाय।**
40. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।

नोट :– सभी विद्यालयों द्वारा वार्षिक शैक्षिक पंचाग में दिये गये समस्त निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।

## अप्रैल, 2024

1. प्रवेश आरम्भ एवं प्रवेशोत्सव।
2. **कक्षा 9,10 एवं 12 में 30 अप्रैल तक प्रवेश कार्य यथासंभव पूर्ण कर लिया जाय।**
3. शिक्षण कार्य प्रारम्भ।
4. प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपनी वेबसाइट विकसित करने का कार्य किया जाय।
5. डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ाने के लिए सभी विद्यालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी से उनकी ई0–मेल आई0डी0 बनवाने तथा उसके प्रयोग हेतु प्रशिक्षित किया जाय।
6. **शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन।**
7. स्टाफ मीटिंग करके उनको एकेडिमिक कैलेण्डर के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से अवगत करा दिया जाय तथा शैक्षिक समय सारिणी उपलब्ध करायी जाय।
8. अप्रैल के प्रथम सप्ताह में स्टाफ के साथ शैक्षिक पंचाग को साझा करना तथा शैक्षिक समय सारिणी निर्माण।
9. प्रत्येक विषय का माहवार पाठ्यक्रम निर्धारण।
10. विद्यालयों में सदनवार छात्रों का विभाजन।
11. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के विषय में विद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन किया जाय तथा प्रत्येक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में स्कूल प्लान विकसित किया जाय जिसमें स्कूल स्तर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को सम्मिलित किया जाय।

## मई, 2024

1. प्रवेश संबंधी कार्यों का सम्पादन तथा **"स्कूल चलो अभियान–माध्यमिक शिक्षा"** का आयोजन।
2. प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपनी वेबसाइट विकसित करने का कार्य किया जाय।
3. डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ाने के लिए सभी विद्यालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी से उनकी ई0–मेल आई0डी0 बनवाने तथा उसके प्रयोग हेतु प्रशिक्षित किया जाय।
4. **'नए सत्र में नया सवेरा' कार्यक्रम का आयोजन।**
5. अनुशासन, स्वच्छता, खेल–कूद, विज्ञान व सांस्कृतिक समितियों का गठन किया जाय।
6. पर्यावरण क्लब का गठन किया जाय।
7. विद्यालय में सदनवार छात्रों का विभाजन करते हुए खेल–कूद, स्काउटिंग एवं सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करके सदनवार टीमों का चयन एवं स्काउट गाइड के दलों का पंजीकरण/नवीनीकरण करा लिया जाय।
8. प्रयोगशाला सम्बन्धी उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों का सुचारू रूप से कार्य करना सुनिश्चित करा लिया जाय। सभी आवश्यक उपकरणों एवं पदार्थों की पूर्ति कर ली जाय। प्रयोग से सम्बन्धित मॉडल, चार्ट आदि प्रयोगशाला में अवश्य उपलब्ध हों।
9. भण्डार सामग्री का सत्यापन।

10. विषय आधारित क्लब और सर्किल का गठन।
11. बालिकाओं के शक्ति मंच का गठन।
12. विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान।
13. निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर मासिक परीक्षा।
14. **शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन।**
15. छात्रों को ग्रीष्मावकाश हेतु प्रोजेक्ट/गृह कार्य देना तथा ग्रीष्मावकाश की घोषणा।
16. ग्रीष्मावकाश।
17. समर कैम्प/समर क्लासेज का आयोजन।

## जून, 2024

1. ग्रीष्मावकाश।
2. समर कैम्प/समर क्लासेज का आयोजन। (उन विद्यालयों में जहाँ मई माह में आयोजित न किया गया हो)
3. **21 जून को 'विश्व योग दिवस'** का आयोजन।

## जुलाई, 2024

1. **'नये सत्र में नया सवेरा'** कार्यक्रम सत्र पर्यन्त जारी रखा जाय।
2. शैक्षिक सत्र 2024–25 में कक्षा 9,10,11 एवं 12 में संस्थागत अभ्यर्थियों का प्रवेश बोर्ड द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देश एवं निर्धारित कार्य–योजना के अनुसार पूर्ण कर लिया जाय।
3. कक्षा 9 एवं 11 में संस्थागत अभ्यर्थियों का अग्रिम पंजीकरण बोर्ड द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाये।
4. विभिन्न वर्गों के अर्ह छात्र–छात्राओं के छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र भरवाना तथा अग्रसारित कर प्रेषित करवाना।
5. माह की 25 तारीख तक अध्यापक–अभिभावक संघ की सामान्य सभा की बैठक और कार्यकारिणी का चुनाव किया जाय।
6. स्काउटिंग का दल पंजीकरण।
7. **विशेष प्रतिभाशाली एवं सामान्य से कमजोर छात्रों की पहचान तथा उनके विशेष/उपचारात्मक शिक्षा हेतु शिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण।**
8. शिक्षकों एवं छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति माध्यमिक शिक्षा परिषद की पोर्टल पर दर्ज करना एवं शैक्षणिक सत्र के आगामी माहों में इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
9. निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट।

## अगस्त, 2024

1. **शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन।**
2. **15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर संस्था अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाये एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।
3. सतत् व्यापक मूल्यांकन के अन्तर्गत कक्षा–9 एवं 10 हेतु प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन।
4. कक्षा 10 तथा 12 के बोर्ड परीक्षा के आवेदन पत्र भरवाने तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को समय से प्रेषित करने का कार्य बोर्ड द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाये।
5. इन्सपायर अवार्ड योजनान्तर्गत यथासम्भव जनपदस्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु चयनित छात्र–छात्राओं की तैयारी।
6. **21 अगस्त को 'विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस'** के अवसर पर सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन।
7. **कमजोर विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था।**

## सितम्बर, 2024

1. इन्सपायर अवार्ड योजनान्तर्गत जनपद में चयनित छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु तैयारी व प्रतिभाग कराना।
2. **05 सितम्बर को शिक्षक दिवस** के अवसर पर विद्यालय स्तर पर शिक्षकों का अभिनन्दन कार्यक्रम। डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन चरित्र पर चर्चा।
3. कक्षा 8 में अध्ययनरत अर्ह छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा एवं कक्षा–10 में अध्ययनरत इच्छुक छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरवाना।
4. 24 सितम्बर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती के अवसर पर उनकी जीवन गाथा और विचारों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन।
5. अर्धवार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन।
6. **कमजोर विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था।**

## अक्टूबर, 2024

1. **02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती** के अवसर पर छात्र–छात्राओं को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के लिए निबन्ध/पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।
2. समस्त कक्षाओं व विषयों के निर्धारित मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को सतत् शिक्षण के माध्यम से पूर्ण किया जाय।
3. **कमजोर विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था।**
4. विज्ञान प्रदर्शनी की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय टीम का प्रतिभाग सुनिश्चित करना।
5. विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन हेतु विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को अवगत कराना तथा उनसे लेख, कविता एवं अन्य सामग्री का आमन्त्रण।
6. विषयवार मासिक शैक्षिक पंचांग में निर्धारित सितम्बर माह तक पढाये गये पाठ्यक्रम के आधार पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा (लिखित परीक्षा) का आयोजन।
7. **31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती** के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शिक्षकों/कर्मचारियों/छात्र–छात्राओं को ''राष्ट्रीय एकता शपथ'' दिलाना तथा सरदार पटेल के दूरदर्शितापूर्ण अनुकरणीय कार्यों पर चर्चा हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन।

## नवम्बर, 2024

1. अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल तैयार करना तथा प्राप्तांकों को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।
2. **अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल को साझा करने एवं कैरियर मार्गदर्शन के लिये शिक्षक/अभिभावक बैठक आयोजित करना।**
3. अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आधार पर कमजोर छात्र–छात्राओं के उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था।
4. समस्त कक्षाओं व विषयों के निर्धारित मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को सतत् शिक्षण के माध्यम से पूर्ण किया जाय।
5. **11 नवम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस** के अवसर पर समाज की भलाई के लिए साक्षरता एवं शिक्षा के महत्व पर सेमिनार, निबन्ध लेखन, स्लोगन राइटिंग, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन।
6. **14 नवम्बर को 'बाल दिवस'** के अवसर पर एक सुव्यवस्थित और सम्पन्न राष्ट्र के निर्माण के लिए सभी को बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम।
7. राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु छात्रों के मार्गदर्शन के लिये विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था।
8. विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन।
9. निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट।

## दिसम्बर, 2024

1. समस्त कक्षाओं व विषयों के निर्धारित मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को सतत् शिक्षण के माध्यम से पूर्ण किया जाय।
2. **दिनांक 01 दिसम्बर को 'विश्व एड्स दिवस'** के अवसर पर छात्र–छात्राओं को एड्स की बीमारी एवं उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
3. **03 दिसम्बर को 'अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया जाय।**
4. सतत् व्यापक मूल्यांकन के अन्तर्गत कक्षा–9 एवं 10 के लिये द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन।
5. कक्षा 8 के छात्र–छात्राओं से एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरवाना।
6. **22 दिसम्बर को महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस् के अवसर पर विद्यार्थियों हेतु 'मेंटल मैथ्स' से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी/तार्किक अभिरूचि/Puzzle का आयोजन किया जाय जिससे उनमें तार्किक चिन्तन एवं समस्या समाधान की प्रवृत्ति विकसित हो सके।**
7. **कमजोर विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था।**
8. निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट।

## जनवरी, 2025

1. समस्त कक्षाओं व विषयों के निर्धारित मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को सतत् शिक्षण के माध्यम से पूर्ण किया जाय।
2. सभी कक्षाओं में जनवरी, 2025 के प्रथम सप्ताह तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया जाय।
3. **शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन।**
4. कक्षा– 12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।
5. **प्रतिभाशाली एवं कमजोर छात्र–छात्राओं के उपचारात्मक शिक्षण की समीक्षा।**
6. कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड परीक्षा (लिखित परीक्षा) एवं कक्षा 09 एवं 11 की वार्षिक गृह परीक्षाओं का आयोजन।
7. **24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस** के अवसर पर राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहित्य एवं विविध कलाओं की प्रस्तुति एवं संवर्द्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
8. **25 जनवरी को मतदाता दिवस** के अवसर पर देश की राजनैतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन।
9. **26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस** के अवसर पर संस्थाध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण एवं देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने और देश की विविध सांस्कृतिक समृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
10. सतत् व्यापक मूल्यांकन के अन्तर्गत कक्षा–10 की आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षाओं के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।
11. प्री–बोर्ड एवं गृह परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल तैयार करना।
12. कक्षा–12 बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।
13. **30 जनवरी शहीद दिवस** के अवसर पर महात्मा गांधी जी के बलिदान पर परिचर्चा का आयोजन।
14. **बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के उद्देश्य से विद्यार्थियों की समस्याओं और जिज्ञासाओं के समाधान हेतु विद्यालय के शिक्षकों द्वारा 'जिज्ञासा– ऑन कॉल' का संचालन।**

## फरवरी, 2025

1. 05 फरवरी तक कक्षा–12 बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।
2. शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारी।
3. कक्षा 10 एवं 12 की प्री बोर्ड परीक्षाओं के अंक परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड करना।
4. कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं के अंक परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड करना।
5. परिषदीय परीक्षा हेतु छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना।
6. **10 फरवरी डी–वर्मिंग डे** का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजन।
7. बोर्ड परीक्षा–2025 का आयोजन।
8. नियोजित साक्षरता कार्यक्रम का मूल्यांकन एवं तत्सम्बन्धी आख्या का जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषण।

9. **28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस** के अवसर पर विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करने, विज्ञान के क्षेत्र में नये प्रयोगों के लिए प्रेरित करने, विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने,उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा लोगों के मन में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

**मार्च, 2025**

1. **08 मार्च को विश्व महिला दिवस** के अवसर पर **''महिला सशक्तीकरण''** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन।
2. **जिला स्तर पर आयोजित होने वाले शिल्प मेलों व अन्य ODOP पर आधारित प्रदर्शनी का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया जाय।**
3. **शिक्षक–अभिभावक बैठक एवं कक्षा–9 एंव कक्षा–11 के छात्रों की गृह परीक्षा के परीक्षाफल का वितरण।**
4. कार्यालय द्वारा छात्रों की सभी कक्षाओं के परीक्षाफल को छात्र पंजिका में अंकित करवाना।
5. विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु पेन्टिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन तथा 23 मार्च शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव जी के जीवन मूल्यों के सम्बन्ध में भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जानकारी प्रदान की जाय।
6. **आगामी सत्र के प्रवेश कार्य हेतु तैयारी/ स्कूल चलो अभियान।**

<u>शनिवार को आयोजित होने वाली गतिविधियों की समय सारणी</u>

| क्रम | माह | शनिवार | गतिविधि का नाम | विवरण | सम्बन्धित विभाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अप्रैल | प्रथम | विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान | • जागरूकता रैली<br>• निबन्ध प्रतियोगिता | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | द्वितीय | विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान | • पोस्टर प्रतियोगिता<br>• लोकगीत आयोजन | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **कैरियर क्या है** | **RMSA** |
| | | तृतीय | विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान | • क्विज प्रतियोगिता<br>• विशेष स्वच्छता अभियान | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | चतुर्थ | विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान | • अंताक्षरी प्रतियोगिता<br>• सामूहिक शपथ | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान | • चित्रकला प्रतियोगिता | नमामि गंगे जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **कैरियर बनाने के आवश्यक गुण (गतिविधि 1,2,3,)** | **RMSA** |
| | | | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों (अरूणाचल प्रदेश व मेघालय) की भाषा में छात्रों को अक्षर, गीत, कहावत, अद्वितीय शब्दों से परिचित कराना | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | मई | प्रथम | गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान | • घाट पर योग कार्यक्रम | नमामि गंगे जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | शक्ति मंच संबंधी गतिविधि | • बाल एवं महिला अधिकारों पर चर्चा<br>• बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर चर्चा | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | द्वितीय | गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान | • भाषण प्रतियोगिता | नमामि गंगे जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **कैरियर बनाने के आवश्यक गुण (गतिविधि 4, 5)** | **RMSA** |
| | | तृतीय | गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता | • विभिन्न जागरूकता अभियान | नमामि गंगे जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों की संस्कृति, इतिहास, परम्परा पर नाटक/ लोक नाट्य का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| 3. | जुलाई | प्रथम | विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान | • जागरूकता रैली<br>• पोस्टर प्रतियोगिता | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | सड़क सुरक्षा अभियान | • निबन्ध प्रतियोगिता<br>• रंगोली प्रतियोगिता | परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | वन महोत्सव सप्ताह | • वन महोत्सव संबंधी गतिविधियाँ | वन विभाग, उत्तर प्रदेश |
| | | | पर्यावरण क्लब गतिविधि | • विद्यालय में कम्पोस्ट पिट बनाना<br>• विद्यालय वाटिका का निर्माण | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | द्वितीय | विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान | • निबन्ध प्रतियोगिता<br>• लोकगीत का आयोजन | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सड़क सुरक्षा अभियान | • जागरुकता रैली<br>• चित्रकला प्रतियोगिता | वन विभाग, उत्तर प्रदेश |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **साइकोमेट्रिक टेस्ट** | **RMSA** |
| | | तृतीय | विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान | • क्विज प्रतियोगिता<br>• विशेष स्वच्छता अभियान | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | चतुर्थ | विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान | • अंताक्षरी प्रतियोगिता<br>• सामूहिक शपथ | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • साइकोमेट्रिक टेस्ट | RMSA |
| | | | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों की भाषा में निबन्ध प्रतियोगिता | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| 4. | अगस्त | प्रथम | साहित्यिक गतिविधियाँ | • सदनवार खेलकूद प्रतियोगिता<br>• सदनवार साहित्यिक गतिविधियों की प्रतियोगिता | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | द्वितीय | हर घर तिरंगा एवं मेरी माटी मेरा देश अभियान | • अमृत कलश की स्थापना, माटी गीत का गायन, पंचप्रण शपथ, प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा, वीरों से संबंधित कहानियों का वाचन वृक्षारोपण, भाषण/निबन्ध प्रतियोगिता, विशेष स्चच्छता अभियान, P.T.M, बच्चों हेतु ज्ञानवर्धन, कठपुतली एवं जादू आदि के कार्यक्रम | संस्कृति विभाग, उ0प्र0 |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **कैरियर का चुनाव–केस अध्ययन** | **RMSA** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | तृतीय | सांस्कृतिक क्रियाकलाप | • सदनवार प्रतियोगिता | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | चतुर्थ | विज्ञान क्लब संबंधी गतिविधियाँ | • विज्ञान क्लब के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | पर्यावरण क्लब संबंधी गतिविधियाँ | • पर्यावरण संरक्षण संबंधी पोस्टर/स्लोगन/कविता/कहानी प्रतियोगिताओं का आयोजन<br>• विद्यालय एवं अपने घर के आस–पास वृक्षारोपण | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **कैरियर का चुनाव– कैसे शौक कैरियर को आगे बढ़ा सकते है।** | **RMSA** |
| | | | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों की भाषा में स्वच्छता/सिंगल यूज प्लास्टिक/ जल संरक्षण/ राष्ट्री एकता पर प्रतिज्ञा का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | पंचम | शारीरिक व्यायाम एवं योग | • सदनवार प्रतियोगिताओं का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | शक्ति मंच संबंधी गतिविधि | • किशोरावस्था संबंधी शंकाएं जिज्ञासाएं तथा समाधान<br>• आत्मरक्षा के उपायों पर चर्चा एवं अभ्यास | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| 5. | सितम्बर | प्रथम | मेरी माटी मेरा देश अभियान | • प्रभात फेरी, माटी गीत का गायन, निबन्ध, कला, रंगोली, देशभक्ति गीत गायन, नाटक, कहानी सुनाना आदि प्रतियोगिताएं, पंचप्रण की शपथ | शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पोषण माह का आयोजन | • प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 |
| | | | हिन्दी पखवाड़ा | • संगोष्ठी, संपूर्णानन्द वाद–विवाद प्रतियोगिता | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **कैरियर के बारे में जानकारी ढूँढना** | **RMSA** |
| | | द्वितीय | विशेष स्वच्छता अभियान | • स्वच्छता शपथ, स्वच्छता जागरुकता, सामुदायिक आउटरीच, ग्रीन स्कूल ड्राइव, स्वच्छता सहभागिता | शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार |
| | | | पोषण माह का आयोजन | • प्रभात फेरी | बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 |
| | | | हिन्दी पखवाड़ा | • महीयसी महादेवी वर्मा वाद–विवाद प्रतियोगिता<br>• निबन्ध लेखन प्रतियोगिता | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | तृतीय | विशेष स्वच्छता अभियान | • हैण्ड वॉश, पर्सनल हाइजीन<br>• स्वच्छता, स्कूल प्रदर्शनी<br>• स्वच्छता एक्शन प्लान एवं पुरस्कार वितरण | शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार |
| | | | पोषण माह का आयोजन | • निबन्ध प्रतियोगिता | बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **स्वविकास** | **RMSA** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | चतुर्थ | शैक्षिक भ्रमण | • स्वतंत्रता संग्राम/राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित स्थानीय स्थलों/स्मारकों/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जन्मस्थली का शैक्षिक भ्रमण | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों की भाषा सीखने हेतु वैकल्पिक कक्षाओं का संचालन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | SUPW संबंधी गतिविधि | • साज सज्जा की वस्तुओं का निर्माण<br>• क्ले मॉडलिंग एवं हस्तकला की वस्तुओं का निर्माण | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| 6. | अक्टूबर | प्रथम | विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान | • जागरुकता रैली<br>• निबन्ध प्रतियोगिता/पोस्टर प्रतियोगिता | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | स्वच्छता पखवाड़ा | • पोस्टर प्रतियोगिता<br>• स्वच्छता संबंधी प्रतियोगिता | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **विशेषज्ञ के साथ एक सत्र** | **RMSA** |
| | | तृतीय | विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान | • लोकगीत का आयोजन, क्विज प्रतियोगिता, विशेष स्वच्छता अभियान | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | स्वच्छता पखवाड़ा | • निबन्ध प्रतियोगिता | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **कैरियर के बारे में जानकारी ढूँढना** | **RMSA** |
| | | चतुर्थ | विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान | • अंताक्षरी प्रतियोगिता तथा सामूहिक शपथ | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | बैण्ड प्रतियोगिता | • बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • छात्रों के बीच युग्मित राज्यों में खेले जाने वाले खेलों पर केन्द्रित खेल स्पर्धाओं का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| 7. | नवम्बर | द्वितीय | Waste to Best | • SUPW के अन्तर्गत तैयार किये गए सामानों की प्रदर्शनी | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **अपना बायोडाटा बनाना** | **RMSA** |
| | | तृतीय | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों पर प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन | RMSA |
| | | | शक्ति मंच संबंधी गतिविधि | • बच्चों की सुरक्षा के लिए गठित हेल्पलाइन्स व इनके प्रयोग की जानकारी<br>• जेण्डर सेन्सिटिविटी पर चर्चा | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | चतुर्थ | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • साक्षात्कार लेना | RMSA |
| | | | शारीरिक व्यायाम एवं योग | • खेलकूद संबंधी गतिविधियाँ | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| 8. | दिसम्बर | प्रथम | सड़क सुरक्षा अभियान | • सड़क सुरक्षा शपथ, मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से शिक्षकों का प्रशिक्षण, पोस्टर प्रतियोगिता, स्कूल वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण/स्वास्थ्य परीक्षण | परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | द्वितीय | सड़क सुरक्षा अभियान | • जागरुकता रैली, निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता | परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • कैरियर मेला | RMSA |
| | | तृतीय | विज्ञान कांग्रेस | • विज्ञान कांग्रेस का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | चतुर्थ | विद्यालय वार्षिकोत्सव | • विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | | **कैरियर काउन्सिलिंग** | • **मेरी कैरियर योजना** | **RMSA** |
| | | | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को युग्मित राज्यों की कृषि फसलों की जानकारी और उसका विद्यालय परिसर में प्रयोग | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| 9 | जनवरी | प्रथम | सामूहिक परिचर्चा | • किशोर संसद का आयोजन | माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। |
| | | द्वितीय | एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों की पोशाक पर आधारित फैशन शो का आयोजन एवं छात्रों एवं राज्य के लोगों में युग्मित राज्यों की पोशाक बारम्बार पहनने के लिए प्रोत्साहित करना। | RMSA |

**नोट– प्रत्येक शनिवार को निर्धारित गतिविधियाँ भोजनावकाश (Lunch) से पूर्व चार वादनों में तथा कैरियर काउन्सिलिंग सम्बन्धी गतिविधियाँ भोजनावकाश (Lunch) के बाद के दो वादनों में आयोजित की जायेंगी।**